2/9/09

समाहरणालय, मधुबनी
(जिला स्थापना शाखा)

पत्रांक .... /स्था0

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

सेवा में,

सभी अनुमंडल पदाधिकारी, मधुबनी जिला
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मधुबनी जिला
सभी अंचल अधिकारी, मधुबनी जिला
सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ,मधुबनी जिला।

मधुबनी, दिनांक......... वीं अगस्त, 09 ई0।

विषय :- प्रशासनिक सुधार मिशन के तहत कार्रवाई करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :- इस कार्यालय का पत्रांक 499/स्था0 दिनांक 3-5-2009 एवं 03/जि0 स्था0 दिनांक 26-6-2009।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ लें जिसके द्वारा मंत्रिमंडल सचिवालय से प्राप्त निदेश के आलोक में प्रशासनिक सुधार मिशन के तहत कम्प्यूटर द्वारा टंकित पत्र अथवा कम्प्यूटर की अनुपलब्धता की स्थिति में कम से कम टंकण यंत्र से टंकित पत्र ही भेजने का निर्देश दिया गया था, किन्तु खेद के साथ कहना है कि इस अनुदेश का अनुपालन पूर्णतः नहीं किया जा रहा है एवं कतिपय अनुमंडल/प्रखंड/अंचल एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा अभी भी हस्तलिखित पत्र प्राप्त हो रहे हैं, जो सरकार एवं उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना का द्योतक है।

उल्लेखनीय है कि प्रायः सभी अनुमंडल/प्रखंड/अंचल एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में कम्प्यूटर एवं टंकण यंत्र की सुविधा उपलब्ध है किन्तु इसका उपयोग नहीं कर हस्तलिखित पत्र ही भेजा जा रहा है, अतः चरणबद्ध तरीके से पुनः सभी लिपिकों का प्रशिक्षण देकर कार्य कराया जाय।

अतः निदेश दिया जाता है कि भविष्य में सभी प्रकार के पत्र/प्रतिवेदन कम्प्यूटर द्वारा टंकित अथवा कम्प्यूटर की अनुपलब्धता की स्थिति में कम से कम टंकण यंत्र से टंकित पत्र ही भेजने का कष्ट करें। किसी भी परिस्थिति में हस्तलिखित पत्र जिला कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जायेगा एवं ऐसा पाये जाने पर उसे वापस करते हुए सम्बन्धित निर्गमन पदाधिकारी के विरूद्ध समुचित कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन,

ह0/-

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

ज्ञापांक 1030/स्था0, मधुबनी, दिनांक 29 वीं अगस्त, 2009 ई0।

प्रतिलिपि :- मधुबनी समाहरणालय के सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी/सभी प्रभारी पदाधिकारी/कार्यालय अधीक्षक (सामान्य) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

NIC-Madhubani